तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार, 21 सितंबर 2025

14 स्टाफ पशु चिकित्सालय से नदारद पशुपालक...


14 स्वच्छता अभियान चलाया और मां के नाम...







## खबर संक्षेप

### क्विज प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई ज्ञान की क्षमता



**दुर्गुकोंदल।** संकुल केंद्र आमाकड़ा में शनिवार 20 सितंबर को संकुल स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में संकुल के सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं से 2-2 छात्र प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए। बच्चों ने विज्ञान, सामान्य ज्ञान, गणित और सामाजिक विषयों पर पूछे गए सवालों का आत्मविश्वास से जवाब देकर सबका दिल जीत लिया। प्राथमिक स्तर पर प्रा. शाला सटेली के तेजल और साहिल की जोड़ी ने और माध्यमिक स्तर पर ऋचा ठाकुर एवं रिंकू टाडिया की जोड़ी ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस आयोजन में संकुल आमाकड़ा के सभी शालाओं के शिक्षकगण एवं सीएसी सदस्यगण की उपस्थिति रही, जिन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### इलाज के दौरान हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत आतुरगांव निवासी 27 वर्षीय अजय कुमार मरकाम का इलाज के दौरान मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताल मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। इलाज के दौरान 19 सितंबर को मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

असर : अतिसंवेदनशील इलाके में लगे बैनर से पुलिस को मिल रहे सकारात्मक इनपुट

# नक्सली फोटो पोस्टर अभियान में पुलिस कामयाब पहचान के लिए गांवों में जुटे रही ग्रामीणों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/बासनवाही

बैनर एवं पोस्टर लगाने का काम आज तक नक्सली ही करते आ रहे है, इनके लगने से गांव में दहशत दिखता था, कोई भी कुछ भी बोलने के लिए सामने नहीं आता था। पुलिस का दबाव ऐसा बढ़ा कि ग्रामीणों में जो नक्सलियों की दहशत थी, वो कम होने लगी। पुलिस ने नक्सलियों के चेहरों को उजागर करने बैनर लगाएं, नक्सलियों को पहचानने के लिए बैनरों को देखने ग्रामीण जुट रहे है, यह भीड़ सीतानदी एरिया कमेटी से लगे कांकेर जिले के गांव में नजर आ रही है।

जानकारी के अनुसार कांकेर पुलिस सामने की लड़ाई लड़ने के लिए लगातार अंदरूनी ईलाके के जंगलों में जा रही है, परंतु मार्च 2026 का अल्टीमेटम के चलते नक्सली बचाव मुद्रा में चल रहे है, जंगल में पुलिस से लड़ने की स्थिति में नही है। इस लड़ाई के साथ-साथ पुलिस ने जिले के सभी नक्सल प्रभावित गांव में उन नक्सलियों के फोटो और उनके ऊपर जो इनाम है, उस राशि को लेकर बैनर लगाए गए है। नक्सलियों की फोटो वर्तमान की है, जिससे उनकी पहचान आसानी से हो सके। गांव में लगे बैनर को देखने के लिए गांव का हुजूम पहुँच रहा है और नक्सलियों की पहचान कर रहे है कि बैनर में लगी नक्सली ▶▶| शेष पेज 12 पर

**खास बातें**

- सीतानदी एरिया कमेटी क्षेत्र के आसपास गांव में लगे बैनर को देखने जुटी रही भीड़
- पुलिस की लड़ाई का यह बड़ा हिस्सा, पुलिस इस दिशा पर कर रही बड़ी तैयारी
- पुलिस रणनीति का नहीं कर रही खुलासा, टीम दिख रही सक्रिय

हरिभूमि फॉलोअप



### सीतानदी एरिया कमेटी क्षेत्र में लगे बैनर

बासनवाही प्रतिनिधि ने इस विषय पर बताया कि सीतानदी एरिया कमेटी क्षेत्र से लगे गांव साईमुंडा, बांगाबारी बासनवाही, कोटलभट्टी एवं अन्य गांव के बाजार स्थल एवं अन्य सार्वजनिक स्थल पर लगे बैनर को देखने के लिए गांव का हुजूम एकत्र हो रहा है और आपस में कई तरह की चर्चाएं भी कर रहे है। बैनर जिन गांव में लगा है, यह गांव अधिकतम दुधावा चौकी के अंतर्गत आते है। दुधावा चौकी पुलिस ने ग्रामीणों से अपील किया है कि बैनर में लगी फोटो में किसी भी नक्सली के बारे में किसी भी तरह की जानकारी है, सीधे पुलिस से संपर्क कर जानकारी दे सकते हैं। जानकारी देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और इनाम भी दिया जाएगा।

### पुलिस को मिल रहे सकारात्मक इनपुट

पुलिस ने जिस योजना से यह बैनर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के आसपास गांव-गांव लगाए है, उसका सकारात्मक प्रभाव पुलिस को देखने को मिल रहा है। पुलिस की एक टीम लगाए गए बैनर की स्थिति पर भी अध्ययन कर रही है कि बैनर लगाए जाने से किस तरह का प्रभाव पड़ रहा है और ग्रामीण किस तरह की चर्चा कर रहे है। चार दिन पहले लगाए गए बैनर से अभी तक पुलिस टीम को सकारात्मक इनपुट मिले है। पुलिस अब इसके अपग्रेड फार्मूला पर काम कर सकती है।

### लड़ाई का यह भी हिस्सा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला का कहना है कि लड़ाई कई तरह की लड़ी जाती है और नक्सल प्रभावित ईलाके से लगे गांव में वर्तमान में सक्रिय नक्सलियों की अपडेटेड फोटो और उन पर घोषित ईनाम लिखा है, यह भी लड़ाई का एक हिस्सा है। ग्रामीण भी इस लड़ाई का हिस्सा बन सकते है,क्योंकि नक्सली भी लगातार उनसे किसी ने किसी रूप में लेवी लेते रहे है।

### भाजपाइयों ने सेवा पखवाड़े में कच्चे में स्वच्छता व पौधारोपण कर दिया संदेश



**पखांजुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा 2025 कार्यक्रम के अंतर्गत 20 सितंबर को ग्राम कच्चे में स्थानीय तालाब और पचरी के आसपास पसरी गंदगी की सफाई की गई। इसके साथ ही एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत अमरूद एवं आम के फलदार वृक्ष भी रोपे गए। विदित हो कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक यह सेवा पखवाड़ा पूरे देश में संचालित हो रहा है। ग्राम कच्चे में आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व सेवा पखवाड़ा संयोजक ज्वाला प्रसाद जैन ने किया और सरपंच कांति हिड़को की विशेष उपस्थिति में यह कार्यक्रम हुआ। उन्होने कहा कि पीएम मोदी ने स्वच्छता अभियान चलाकर गांव के अंतिम ग्रामीण को भी जागरूक कर दिया। इस कार्यक्रम ने शहर के अलावा गांव की तस्वीर भी बदल दी और इस पर कभी बात करने के लिए लोग संकोच करते थे, परंतु अब यह अभियान बन गया है, इससे आमजनता को लाभ ही मिला है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, मंडल महामंत्री राजीव श्रीवास, मंडल महामंत्री गिरधारी नरेटी, सुभिक सरकार, विकास दास, रोशन जायसवाल, सागर चालकी, वागेश दास, साहिल, हेमंत साहू, छगन देवांगन, वीरेन्द्र सिंह सहित ग्राम गायता एवं पंचगण, युवा साथी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ट्रक चालक नहाने में रहा व्यस्त, हेल्पर 58 हजार नकदी को लेकर रफूचक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा के पेट्रोल पंप के पास ट्रक चालक नहाने में व्यस्त हो गया, वहीं ट्रक का हेल्पर ट्रक में रखी नगद 57 हजार 750 रूपएं और चालक के पर्स में रखे 3 हजार रूपएं को लेकर रफूचक्कर हो गया। ट्रक चालक की शिकायत पर हेल्पर के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

थाना चारामा में शिकायत करने पहुंचे कोण्डागांव जिला के महात्मा गांधी वार्ड निवासी 53 वर्षीय सुखुदास कुलदीप पिता स्व. चमरू दास कुलदीप ने पुलिस को बताया कि मैं गुरूसरण सिंह सग्गू का ट्रक चालक का काम लगभग 11 वर्ष से कर रहा हूं। वर्तमान में उनके ट्रक क्रमांक सीज 04 क्यूजे 1695 को चलाता हूं। मेरे साथ दो दिन पूर्व ही अंतागढ़ थानांतर्गत ग्राम तहकाल निवासी हरिवंश कुमार सेवता पिता पवन कुमार सेवता कुछ दिन पहले हेल्पर का काम पर आया था। मैं 18 सितंबर को पीटगुराला (आन्ध्रप्रदेश) से सामान लेकर हेल्पर के साथ चारामा पहुँचा। पंजवानी स्टील मेन रोड चारामा में सामान खाली करने बाद, दुकान मालिक ने 57 हजार 750 रूपएं नगद दिया, जिसे मैं बेग में रखा था। पैसा लेने बाद अपने मालिक को फोन करने पर चारामा में ही दूसरा सामान लोड करवाने के लिए रूक गया। चारामा के पेट्रोल पंप पास सवा 9 बजें रूका। ट्रक को खड़ी कर वहां खाना बनाने के बाद मेरा हेल्पर नहाने के लिए गया। उसके वापिस आने के बाद मै नहाने के लिए गया, तब वह ट्रक में था। मै ▶▶| शेष पेज 12 पर




## दिनदहाड़े सूने घर में चोरी, नकद समेत 75 हजार का सामान अज्ञात चोर ले उड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा थानांतर्गत ग्राम गोलकुम्हड़ा के सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात ने दिनदहाड़े चोरी की घटना को अंजाम दिया। घर के लोग काम करने के लिए गए थे व उनकी दो बेटी कॉलेज के लिए सुबह से निकली थी। पीड़ित जब खेत से दोपहर को वापिस आया, तब देखा कि घर के दरवाजा पर लगा ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर रखे समान अस्त व्यस्त बिखरे पड़े थे। अज्ञात ने नगद व अन्य समानों के साथ कुल 75 हजार रूपएं की चोरी कर फरार हुआ। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए चोरो की पता तलाश में लग गई है।



थाना चारामा में शिकायत करने पहुंचे गोलकुम्हड़ा निवासी 52 वर्षीय दरयाव राम साहू पिता स्व. गरीब राम साहू ने पुलिस को बताया कि 19 सितंबर को मैं अपनी पत्नी गोदावरी के साथ खेत में काम करने के लिए गया था। मेरे दो बेटी है और दोनो बेटी कॉलेज जाने के लिए सुबह 9 बजे के लगभग घर से निकले थे। घर के दरवाजे पर ताला लगा था। मैं दोपहर 1 बजे जब घर आया तो देखा ▶▶| शेष पेज 12 पर

## हाइब्रिड बीज घोटाले में संलिप्त अधिकारी है सकते में, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की तैयारी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

- आधिकारी ने माँगा नो ड्यूज, मामला गरमाया

परलकोट ईलाके में करोड़ों रुपए के हाइब्रिड बीज घोटाला मामले में संलिप्त अधिकारी को यह डर हो गया कि हमारें खिलाफ कभी भी कार्यवाही हो सकती है, उसी के चलते अधिकारी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने के लिए दस्तावेज को तैयार कर रहा है। ऐसी खबर आने के बाद मामला फिर गरमा गया है। जानकारी के अनुसार आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित बड़ेकापसी में हाइब्रिड बीज वितरण में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएँ उजागर हुई थीं और तत्कालीन शाख प्रबंधक नरेंद्र कुमार शर्मा पर आरोप है कि किसानों को वितरित किए जाने वाले हाइब्रिड बीज में करोड़ों रुपए का घोटाला किया गया था, जांच में तत्कालीन प्रभारी प्रबंधक पार्थ देवनाथ एवं तत्कालीन शाखा प्रबंधक नरेंद्र कुमार शर्मा की मिलीभगत सामने आई थी। इस घोटाले ने किसानों के बीच भारी आक्रोश पैदा किया था और विधानसभा ▶▶| शेष पेज 12 पर




### 11 लाख की हुई थी अनियमितता

बड़ेकापसी लैंपस प्रबंधक मुकुंद राय से बात करने पर उन्होंने बताया कि वित्तीय अनियमितताओं की जांच के बाद 11 लाख रुपए से अधिक की राशि वसूली का ब्यौरा देते हुए एक पत्र जारी किया गया है। इस पत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जब तक यह राशि जमा नहीं हो जाती, तब तक नो ड्यूज प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जा सकता। हाइब्रिड बीज वितरण मामले में लगभग 11 लाख रुपए की अनियमिता पाई गई थी, जिसमें से आज दिनांक तक केवल 5.40 लाख रूपए ही समिति को प्राप्त हुए हैं, लगभग 5.60 लाख रुपए जमा करना शेष है।

### वसूली की कार्रवाई की जा रही

मामला प्रकाश में आने के उपरांत हरिभूमि ने इस विषय पर उप पंजीयक कांकेर प्रदीप ठाकुर से बात किया गया, इस पर उन्होंने बताया मामले में दोनों आरोपितों के विरुद्ध सहकारिता अधिनियम 58 बी के तहत वसूली कार्यवाही चल रही।

खमढोड़गी दूसरे गांव के लिए बनेगा प्रेरणास्रोत

# प्लास्टिक मुक्त स्वच्छ गांव खमढोड़गी बना मिसाल, सहभागिता का असर हुआ उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत अभियान में कलेक्टर ने जानी हकीकत

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत खमढोड़गी में चलाए गए अभियान के तहत ग्रामवासी अपने गांव को प्लास्टिक मुक्त और स्वच्छ बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। आयोजित अभियान में जिले के कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर भी शामिल हुए और ग्रामीणों के साथ पहाड़ और आसपास स्थल का जायजा लिया। जिला मुख्यालय कांकेर से लगभग 8 किमी. की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत कोकपुर का आश्रित ग्राम खमढोड़गी में स्वच्छता अभियान में शामिल कलेक्टर ग्रामीणों के साथ यहाँ पर पर्यटन की संभावनाओं को भी तलाशा। कुरुमारी पहाड़ में ट्रेंकिंग करते हुए जंगल प्रबंधन की व्यवस्था को करीब से देखा। इसी दौरान उन्होंने ग्राम खमढोड़गी में स्थित अत्यंत सुंदर और प्राचीन शैलचित्रों का भी ▶▶| शेष पेज 12 पर





### आत्मनिर्भरता को लेकर ग्रामीण गंभीर

कलेक्टर ने कहा कि ग्राम खमढोड़गी न केवल स्वच्छता में, बल्कि पर्यटन, परंपरागत चिकित्सा (हड्डी जोड़ने की कला), जंगल प्रबंधन, जल संग्रहण और कृषि आधारित नवाचारों में भी उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। यहां के ग्रामीण सीताफल से आइसक्रीम बनाकर रोजगार का नया मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। यह आत्मनिर्भरता का वास्तविक स्वरूप है। ग्रामीणों की सक्रियता और उनकी सकारात्मक सोच की प्रशंसा करते हुए आश्वस्त किया कि खमढोड़गी जैसा गांव जिले के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा।

### मील का पत्थर होगा साबित

ग्रामीणों ने कहा कि कलेक्टर का यह प्रवास न केवल स्वच्छता अभियान को प्रोत्साहन देता है, बल्कि पर्यटन, सांस्कृतिक विरासत और आत्मनिर्भरता की दिशा में भी ग्राम खमढोड़गी को पहचान दिलाने में मील का पत्थर साबित होगा। हमें सदैव मार्गदर्शन मिला है, उसी का परिणाम रहा कि हम लोग इस मुकाम पर पहुँच पाएं है।



## खबर संक्षेप



### स्वच्छता पखवाड़ा में निकाली गई रैली

**चारामा।** शाउमावि अरौद मे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं छात्रों के द्वारा स्वच्छता रैली निकालकर प्लास्टिक हटाने, कचरा प्रबंधन व गांव गली की साफ सफाई कर लोगों को स्वच्छता एवं सफाई के साथ-साथ जल संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मेरी उषा लकड़ा, जनक लाल ठाकुर, सुरेंद्र दुबे, हरिश्चंद्र कांगे, शिवलाल उसेंडी, महेंद्र नायक, विनय ऊके, जमुना, वीणा ठाकुर, योगेश कुमार साहू, उदिता भोयर, लीना राजपूत, बिकेश्वरी पोया,धनीराम सिन्हा, वेदव्यास गोस्वामी एव अन्य शामिल रहे।

### सीएचसी धनेलीकान्हार में किया स्वस्थ परीक्षण



**कोरर।** सीएचसी धनेलीकान्हार के द्वारा डिवाइन पब्लिक स्कूल मरकाटोला में धनेलीकान्हार बीएमओ शशांक गुप्ता के मार्गदर्शन में डॉ. नीतीश बारले मेडिकल ऑफिसर के द्वारा डिवाइन पब्लिक स्कूल में 275 बच्चों का स्वस्थ परीक्षण किया गया और साथ ही डॉ.शशांक गुप्ता के द्वारा बच्चों को आयुष्मान कार्ड व उससे होने वाली लाभ के बारे में बताया। डॉ. नीतीश बारले ने अपने शरीर को हम कैसे स्वस्थ रखे व संक्रमण से कैसे बचे इसके बारे में विस्तृत रूप से बताया। आरएचओ उत्तम साहू के द्वारा हाथ साफ कैसे रखे इसके बारे में प्रेक्टिकाल कर के दिखाया व उससे होने वाली लाभ व हाथ साफ नहीं रहने से होने वाली हानि के बारे में बताया। सहयोगी सुलोचना सिन्हा, रक्त समूह का परीक्षण लिकेश्वर यदु एमएलटी के द्वारा किया गया। शिविर को सफल बनाने में प्रगति स्वइन प्राचार्य डिवाइन पब्लिक स्कूल, सुनिर्मल महतो, अनिल यदु, विजय, निकिता, अर्पिता व समस्त स्टाप रहा।

### बस स्टैंड लाइट से चकाचक व्यापारियों की मांग हुई पूरी



**कांकेर।** नगर चारामा के व्यापारियों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर 20 सितंबर को चक्काजाम करने की चेतावनी दिया था, परंतु चेतावनी के एक दिन पहले ही व्यापारियों की कई माँगों को पूरा किया गया। नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर नगर के जनप्रतिनिधिओ, नगरवासियों व व्यापारियों के द्वारा 20 सितंबर को नगर में चक्काजाम की चेतावनी दिया था, लेकिन चक्काजाम के एक दिन पहले ही प्रशासन की ओर से पहल करते हुए नगर की विभिन्न समस्याओं के समाधान का आश्वाशन दिया गाय, इसके साथ ही मुख्य मांग बस स्टैंड के हाईमास्क सहित नगर में लगी हुई अन्य लाइटे जो कि शुभारंभ के अभाव में बंद पड़ी हुई थी, जिसका शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष भुनेश्वर नागराज सहित पार्षद संदीप मेश्राम, लोकेश नागवंशी, संतोष ओझा, जगदीश्वर साहु, अमृत देवांगन पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, पूर्व पार्षद सुभाष सोनकर, शिव सोनकर, धर्मेंद्र सोनकर, खेमू देवांगन, व्यापारी सुरेश वाधवानी, अजय पाण्डेय, सीएमओ हेमंत नेताम, इंजीनियर हरीश ध्रुव सहित नगरवासी उपस्थित रहे।

### महापौर ने सुनी जनता की समस्याएं

**जगदलपुर।** महापौर संजय पांडे आज सुबह से ही नगर निगम कार्यालय में बैठे और आम नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए ताकि नागरिकों को समय पर राहत मिल सके। महापौर ने कहा कि नगर निगम का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

# सेजेस के सेमिनार में क्वांटम फिजिक्स पर चर्चा, युवा वैज्ञानिकों को मिली नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

विकासखंड के सेजेस भानुप्रतापपुर में विकासखंड स्तरीय आयोजित एक दिवसीय सेमिनार में क्वांटम फिजिक्स के गूढ़ सिद्धांतों सेमिनार का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य युवा छात्रों और शिक्षकों को क्वांटम यांत्रिकी की रोमांचक दुनिया से परिचित कराना और उन्हें भविष्य की तकनीकों के लिए प्रेरित करना था। सेमीनार का उद्घाटन सेजेस प्राचार्य परदेशी राम भारद्वाज एवं सहायक खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश सोनवानी ने किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि क्वांटम फिजिक्स केवल एक सैद्धांतिक विषय नहीं है, बल्कि यह भविष्य की तकनीक, जैसे कि क्वांटम कंप्यूटर, क्वांटम संचार और नई दवाइयों के विकास का आधार है। इस सेमिनार में निर्णायकों द्वारा सरल भाषा में क्वांटम एंटैंगलमेंट, सुपरपोजिशन और क्वांटम टनलिंग जैसे जटिल विषयों को समझाया। उन्होंने बताया कि कैसे ये सिद्धांत हमारे पारंपरिक भौतिकी के नियमों से अलग हैं और कैसे ये भविष्य में हमारे जीवन को बदल सकते हैं। माध्यमिक एवं हाइ स्कूल के छात्रों ने इस सेमिनार में उत्साहपूर्वक भाग लिया और क्वांटम फिजिक्स में अपने ज्ञान एवं विचारों को साझा किया। कार्यक्रम का समापन में सेमिनार में चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत के किया गया। सेमीनार में प्रथम स्थान रिया मरकाम हायर सेकेंडरी स्कूल भानबेड़ा एवं द्वितीय स्थान पर खुशबू साहू हायर सेकेंडरी स्कूल सेलेगांव ने प्राप्त किया।

### चयनित प्रतिभागियों का किया सम्मान



#### छात्रों की जिज्ञासा बढ़ी

कार्यक्रम के अंत में सहायक खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी प्रतिभागियों और विशेषज्ञों का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस सफल आयोजन से यह उम्मीद की जा सकती है कि भविष्य में भानुप्रतापपुर के युवा वैज्ञानिक क्वांटम फिजिक्स के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाएंगे। सेमीनार में कमलेश विनायक, सीमा सोनवानी, रजनी सिंह, अजीत सिंह, रवि नेताम, शालाओं के छात्र छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

### दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शानदार जीत पर हर्ष

# दिल्ली विश्वविद्यालय में एबीवीपी की जीत पर विजयोत्सव, भारत माता के जयकारे गूँजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष, सचिव तथा संयुक्त सचिव पद ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। डूसू अध्यक्ष पद पर एबीवीपी के आर्यन मान ने 16196 मतों के अंतर, सचिव पद पर कुणाल चौधरी ने 7662 मतों के अंतर तथा संयुक्त सचिव पद पर दीपिका झा ने 4445 मतों के अंतर के साथ जीत दर्ज की है। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष पद पर यह दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इस जीत ने यह तय कर दिया है कि आज के विद्यार्थी राष्ट्र निर्माण में रचनात्मक भूमिका निभाने वाले विचार के साथ हैं तथा विध्वंसक तथा नकारात्मक विचार की यह बड़ी हार है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा पुराना बस स्टैंड में फटाके फोड़ते हुए भारत माता की जय और वन्देमातरम के नारों के साथ विजयोत्सव मनाया गया। विभाग संयोजक आदित्य मिश्रा ने कहा कि अभाविप की देश के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में जीत लोकतंत्र के प्रति आस्थावान विचार की जीत है। विद्यार्थी परिषद ने विद्यार्थियों-युवाओं के शिक्षा क्षेत्र के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए, युवाओं की आशाओं को दिशा दी है कांग्रेस और एनएसयूआई ने पूरे डूसू चुनाव में डीयू के छात्र-छात्राओं को भ्रमित करने तथा जाति-क्षेत्र में बांटने का प्रयास किया, जिसको विद्यार्थियों ने पूरी तरह नकार दिया है। जिला संयोजक ओमकृष्ण जैन ने कहा कि यह विजय जेन-ज़ी पीढ़ी की उस राष्ट्रनिष्ठ चेतना की प्रतिध्वनि है, जो भारत की एकता, अखंडता और राष्ट्रनिर्माण के संकल्प को सर्वोपरि मानती है। दिल्ली विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि वे देशविरोधी और भारतविरोधी गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले तत्वों को करारा जवाब देने में सक्षम हैं। यह जीत उस भ्रष्ट तंत्र और खोखली राजनीति के विरुद्ध छात्रों के प्रतिरोध का प्रतीक है, जिसे एनएसयूआई और कांग्रेस पार्टी विश्वविद्यालय परिसर में थोपना चाहती थी। इस पीढ़ी ने अपने मत से बता दिया है कि वह परिवारवाद, भ्रष्टाचार और दुराग्रह की राजनीति को नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, पारदर्शिता और ईमानदारी के मूल्यों को स्वीकार करती है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्रों का दिल जीता है, इसलिए डूसू पैनल में इतने बड़े अंतर के साथ जीत मिली। नगर मंत्री रिषिक तिवारी ने कहा कि यह परिणाम इस बात का प्रमाण है कि आज का युवा भ्रम और प्रपंच से ऊपर उठकर राष्ट्रहित, छात्रहित और पारदर्शिता की राह चुन रहा है। कांग्रेस और एनएसयूआई ने वर्षों से जिस तरह भ्रष्टाचार, अवसरवाद और कुंठित मानसिकता को संस्थानों पर थोपने का प्रयास किया, उसे विद्यार्थियों ने नकार दिया है। यह जीत उस संकल्प की गूंज है कि अब विश्वविद्यालयों में केवल वही राजनीति स्वीकार्य होगी जो राष्ट्र निर्माण की धारा में विद्यार्थियों को जोड़ती है, न कि तोड़ने का काम करती है।

विजयोत्सव कार्यक्रम में नगर सह मंत्री हर्ष सिन्हा, भानु चौहान, थानेष साहू, मोहन सिन्हा, सागर जैन, लेखांक जैन, सार्थक यादव, नमन मरकाम, अनुग्रह तिर्की, चित्रांश सिन्हा, देवेंद्र निषाद, दिनेश सिन्हा, आर्यन सोनी, दीपक दरो, लक्ष्य उईके एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भानुप्रतापदेव कालेज में नव प्रवेशी विद्यार्थियों का किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग द्वारा नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। यहा विभाग अपनी गौरवशाली परम्परा के अनुरूप नए विद्यार्थियों को नए माहौल में ढलने का अवसर प्रदान करने के साथ आपसी मेल मिलाप, सौहार्द और लक्ष्य प्राप्ति में मार्गदर्शक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चेतन राम पटेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की समाजशास्त्र विषय का चयन आपके व्यक्तित्व को प्रदर्शित करता है। सामाजिक मूल्यों, नैतिकता आज के समय में नितांत आवश्यक हैं। हम अपनी जिम्मेदारियों को सामाजिक प्राणी होने के कारण राष्ट्र और समाज के निर्माण के लिए फलीभूत करे। विभागाध्यक्ष डॉ. विजय कुमार रामटेके ने शिक्षा को विकास का मूल मंत्र बताया। आपसी समायोजन, पढाई के क्षेत्र में अपना वर्चस्व, प्रतिवर्ष विभाग में प्रावीण्य सूची में आने वाले विद्यार्थियों का उदाहरण देकर नवागंतुक छात्र छात्रों को प्रेरित किया। समाजशास्त्र विभाग की प्राध्यापक डॉ. बसंत नाग ने कहा प्रत्येक विद्यार्थी में कोई न कोई कला होती है। पढाई केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं है बल्कि वह व्याहारिक रूप से भी परिलक्षित होता हैं। विभाग आपके संपूर्ण व्यक्तित्व के लिए कुशल मार्गदर्शक और प्रेरक के रूप हमेशा प्रोत्साहित करेगा। अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एलआर सिन्हा ने नवाचार और समय परिवर्तन के साथ साथ शिक्षा के क्षेत्र में आए नए बदलाव के संदर्भ में चर्चा की। नई शिक्षा नीति के अनुरूप अपने ज्ञान के विस्तार के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। डॉ. राजेश शुक्ला ने विद्यार्थियों की गरिमा और प्रतिष्टा को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। मंच संचालन राकेश्वरी, अमीषा पटेल ने किया।

कार्यक्रम में एमए तृतीय सेमेस्टर तथा एमए प्रथम सेमेस्टर समाजशास्त्र विभाग के विद्यार्थी विद्या, यामिनी कोसमा, सुरुचि बघेल, देविका निषाद, हर्षलता साहू, पूजा साहू, गोदावरी, लीना केमरों, बिनेश्वरी दर्रो, विजय कुमार, सलीमा हिचामी, पूजा, रिकेश, दीपक निषाद सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए किया क्वालीफ़ाई





**पखांजूर।** 25वीं राज्य स्तरीय स्कूल गेम्स 2025-26 में छात्र सोहम विश्वास ने शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा 10 के छात्र सोहम विश्वास ने अंडर द17 शतरंज प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालीफ़ाई कर स्कूल का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 16 से 19 सितंबर तक मंगेली में आयोजित हुई थी। सोहम की इस उपलब्धि पर स्कूल में खुशी का माहौल है। वहीं कक्षा 9 के एक अन्य छात्र दीपांशु बाला ने भी रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय अंडर 17 बॉक्सिंग प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल कर स्कूल का गौरव बढ़ाया है। स्कूल के प्राचार्य ने छात्रों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा हमें अपने विद्यार्थियों पर बहुत गर्व है। सोहम का राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और दीपांशु की सफलता भी उतनी ही प्रेरणादायक है। हमें पूरा भरोसा है कि ये उपलब्धियाँ दूसरे छात्रों को भी खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करेंगी। छात्रों की इस सफलता का श्रेय उनके कोच पोलदेव राव और मेंटर के रवि के कुशल मार्गदर्शन को दिया गया है। स्कूल प्रबंधन ने भी छात्रों के साथ-साथ उनके अभिभावकों का भी आभार व्यक्त किया।

## अनियंत्रित वाहन पेड़ से टकराया चालक पर अपराध हुआ कायम




**कांकेर।** कोयलीबेड़ा थानांतर्गत चिलपरस बीएसएफ कैंप के पास सड़क दुर्घटना में वाहन चालक को गंभीर चोट आने से मौत हो गया था। वाहन के पीछे बैठे चालक के साथी को चोट आया था। दुर्घटना में वाहन चालक की मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि वाहन चालक कोयलीबेड़ा थानांतर्गत पटेलपारा गुंदूल निवासी 40 वर्षीय सोमा राम कड़ियाम पिता राजू राम कड़ियाम अपने साथी गुंदूल निवासी 25 वर्षीय परमू राम आंचला पिता सोमारू राम आंचला के साथ मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीसी 0431 में गुंदूल से कोयलीबेड़ा सुबह लगभग 8 बजे मोटर सायकल का पार्टस के लिए निकले थे। मोटर सायकल सोमा राम कड़ियाम चला रहा था, पीछे उसका साथी बैठा था। मोटर सायकल को सोमा राम कड़ियाम तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक चला रहा था, जिसके कारण चिलपरस बीएसएफ कैंप के पास मोटर सायकल अनियंत्रित होकर रोड किनारे पेड़ से टकरा जाने से मोटर सायकल चालक सोमा राम कड़ियाम को सिर एवं माथे पर गंभीर चोट आया। बीएसएफ के जवानों द्वारा अपने कैम्प के एम्बुलेंस से सीएचसी कोयलीबेड़ा लेकर आए, जहां डॉक्टर चेक करने पर सोमा राम कड़ियाम के मौत होने का पुष्टि किया। विवेचना के उपरांत आरोपी वाहन चालक सोमा राम कड़ियाम के विरूद्ध धारा 281, 125 (ए), 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

# संस्कृत महोत्सव में दुर्गूकोंदल के विद्यार्थियों को प्रथम स्थान मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर की योजना अनुसार आयोजित विभाग स्तरीय संस्कृत महोत्सव के अंतर्गत कांकेर जिले के केशकाल में हुए विविध प्रतियोगिताओं में दुर्गुकोंदल विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय की गरिमा को बढ़ाया, बल्कि दुर्गूकोंदल क्षेत्र का नाम भी रोशन किया।

वैदिक गणित प्रश्न मंच प्रतियोगिता में विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थी घनश्याम मौहान, अखिलेश नायक और कीर्ति जैन ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि ने विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों की मेहनत को प्रमाणित किया। इसी प्रकार वंदेमातरम गायन प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्रों ने अपनी स्वर लहरियों और सामूहिक प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसमें देवइन्द, प्रताप देव, ताराम, घनश्याम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी सामूहिक प्रस्तुति ने संस्कृत भाषा और भारतीय संस्कृति की महत्ता को उजागर किया और निर्णायक मंडल से विशेष प्रशंसा पाई। संस्कृत महोत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, परंपरा और भाषा के प्रति गहन रुचि जागृत करना है। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में न केवल भाषाई दक्षता विकसित होती है, बल्कि आत्मविश्वास और रचनात्मक अभिव्यक्ति को भी प्रोत्साहन मिलता है।

# अनुपस्थित छात्रों के पालकों से शिक्षकों ने किया संपर्क एवं बैग लेस डे मनाया



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत माशा डांगरा की प्रधानपाठिका कमला नरेटी शिक्षा की गुणवत्ता सुधार और विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। विद्यालय के छात्र सूर्यप्रकाश नरेटी के लगातार अनुपस्थित रहने पर उन्होंने बार-बार पालक से संपर्क किया। कई बार संपर्क करने के बावजूद छात्र विद्यालय नहीं पहुँचा, तो 20 सितंबर को विद्यालय प्रबंधन की पहल पर ग्राम के जनप्रतिनिधि भी सक्रिय हुए। शाला प्रबंधन की सूचना पर ग्राम पंचायत डांगरा की सरपंच रमुला नरेटी और वार्ड पंच बिसाय नरेटी स्वयं छात्र के पालक के घर पहुँचे। बातचीत में पालक ने आश्वासन दिया कि बच्चे को सोमवार से विद्यालय भेजा जाएगा। पंच ने भी व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि वे छात्र को स्वयं विद्यालय तक पहुँचाएंगी। इस पहल से शिक्षा को लेकर ग्राम स्तरीय सहभागिता का उदाहरण प्रस्तुत हुआ। इसी दिन विद्यालय में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम और बैग लेस डे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ साफ-सफाई और रचनात्मक गतिविधियों में शामिल कराया गया। छात्रों ने परिसर की स्वच्छता बनाए रखने के लिए सफाई अभियान में भाग लिया। इसके अलावा समूह चर्चा, खेल और रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन कर उन्हें तनावमुक्त शिक्षा का अनुभव कराया गया।



### वृद्ध जन सेवा समारोह में बुजुर्गों का किया सम्मान

**कांकेर।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शाउमावि इच्छापुर में वृद्ध जन सेवा सम्मान समारोह का आयोजन कर बुजुर्गों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर इच्छापुर, नवागांव भावगीर एवं घोटिया के बुजुर्ग रामूराम कांगे, झुनऊ राम कांगे, जंगलू राम दुग्गा, फत्ते राम तेता, महेश शोरी का तिलक वंदन कर श्रीफल एवं पुष्प गुच्छ से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य

# 11 सौ में सिलेंडर, पखांजूर की गैस एजेंसियों की मनमानी



**पखांजूर।** गैस एजेंसी पर क्षेत्रवासी मनमानी के आरोप लगा रहे है, उनका कहना है कि एजेंसी ओटीपी के नाम पर हितग्राहियों से अधिक पैसे वसूल रही है, जबकि गैस की मानक दर 941 रुपए है, लेकिन डिलीवरी करने वाले 1100 रुपए ले रहे हैं। एजेंसी में लगे गाड़ियों के चालक के पास लाइसेंस तक नही है और ना कोई अग्निशमन यंत्र है। एजेंसी संचालक एवं विभाग इस और ध्यान न दे कर एक बड़ा दुर्घटना को बुलावा दे रहे है। उपभोक्ताओं का कहना है कि हम लोगों को समय पर गैस की डिलीवरी नहीं मिल रही है। एजेंसी ओटीपी के नाम पर उपभोक्ताओं से अधिक पैसे वसूल रही है। हितग्राही राजू कुण्डू का कहना है कि जब मैंने गैस सिलेंडर देने को कहा तो ड्राइवर ने बोला मैं बिना कार्ड के दूंगा मुझे 1100 रुपए चाहि, यह बात सुनकर उपभोक्ता ने गैस नही लिया। यह समस्या यहाँ पर सिलेंडर सप्लाई करने वाली सभी एजेंसियों की है। चालकों का कहना था कि आपको 1100 रूपएं ज्यादा लग रहा है, तो एजेंसी में जाकर सिलेंडर ले आएं। इस संबंध में खाद्य अधिकारी मुकेश साहू से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बिना कार्ड के गैस देने का अधिकार नही है अगर ऐसा करते पाए जाते है तो जाँच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा अधिकृत उपभोक्ता को निर्धारित मूल्य पर ही सिलेंडर देना है, शिकायत मिली है, इसकी जाँच कराई जाएगी।

## पेज 11 के शेष...

### नक्सली फोटो पोस्टर...

कब उनके गांव आया था और कब सक्रिय था। ग्रामीण हो सकता है कि उसकी चर्चा अभी न करें, परंतु दोस्त व रिश्तेदारों से जरूर बात करेगा और यह बात आज नहीं कल छनकर पुलिस तक पहुँचेगी और उसका प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष लाभ पुलिस को मिल सकता है।

### ट्रक चालक नहाने...

नहाकर जब वापिस आया, तो मेरा हेल्पर हरिवंश सेवता ट्रक में नही था। मैने आसपास पता किया, वह नहीं दिखा। मैं ट्रक में जाकर पैसा रखा बैग को देखा तो नगद 57 हजार 750 रूपएं व मेरे पर्स में रखा 3 हजार रूपएं पर्स में नही था। मेरा हेल्पर हरिवंश सेवता (बिटटू) ट्रक में रखी नगदी पैसा 57 हजार 750 रूपएं व 3 हजार रूपएं कुल 60 हजार 750 रूपएं को चोरी करके भाग गया।

शिकायत पर पुलिस ने आरोपी हेल्पर हरिवंश सेवता के खिलाफ धारा 305(बी) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### दिनदहाड़े सूने घर...

की मेरे घर के सामने दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। घर अंदर जाकर देखा तो घर के अंदर रखे आलमारी एवं अन्य समान जमीन पर बिखरे पड़े थे। आसपास पड़ोस के लोगो को घर में चोरी होने की जानकारी दिया। उसके बाद मैं पड़ोसियो के साथ घर अंदर बिखरे समानो को एकत्रित किया, तब मुझे मालुम हुआ की अज्ञात चोर के द्वारा घर के गोदरेज अलमारी में रखे सोने का मंगलसूत्र 1 नग, सोने का झूमका एक जोड़ी, सोने की नथली 3 नग, चांदी का चैन 1 नग, बिछिया 10 नग, पायल 10 नग, कासा की थाली 2 नग कासा का लोटा 2 नग, पीतल की गन्जी 2 नग, स्टील की थाली 4 नग, 10 जोड़ी सूट, 5 नग साड़ी, शिव मंदिर जलहरी हंडी एक नग तांबे का नाग सांप, 2 नग मोबाईल एवं 20 हजार रूपएं नगद, कुल 75 हजार रूपएं की चोरी हुआ है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में तीन चार संदिग्ध व्यक्तियो को दोपहिया वाहन में घूमते देखे गएतथा अन्य ग्रामीणों के घर पर भी घुसने का प्रयास करते देखा हूं। उन व्यक्यिों को देखने से पहचान लूंगा। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए), 331 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### हाइब्रिड बीज घोटाले...

सत्र में ध्यान आकर्षण होने के बाद प्रशासन पर कड़ी कार्रवाई का दबाव बढ़ गया और तत्कालीन प्रभारी प्रबंधक पार्थ देवनाथ को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। जानकारी के मुताबिक आरोपित अधिकारी नरेंद्र कुमार शर्मा ने हाल ही में अपने सेवानिवृत्ति लाभों को सुनिश्चित करने के लिए नो ड्यूज प्रमाण पत्र का आवेदन किया था। इस प्रमाण पत्र के बिना, उन्हें पेंशन और अन्य लाभ नहीं मिल सकते। इसकी खबर फैलते ही मामला फिर गरमा गया।

### प्लास्टिक मुक्त स्वच्छ...

अवलोकन किया। इन शैलचित्रों का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व काफी गहरा है। ग्रामवासियों ने कलेक्टर को गांव की परंपराओं, उपलब्धियों और पहाड़ों की विशेषताओं से अवगत कराया। कलेक्टर ने ग्रामीणों से बात करते हुए कहा कि यह शैलचित्र हमारी धरोहर हैं। इन्हें लंबे समय तक सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है। इन्हें संरक्षित करने और भविष्य की पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए प्रशासन हर संभव प्रयास करेगा।

## खबर संक्षेप

### महिलाओं को स्वच्छ जल पर किया जागरूक



**बीजापुर।** ग्राम पंचायत रेड्डी में एक दिवसीय विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें पदमुर कामकानार क्षेत्र की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह शिविर महिलाओं को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल के महत्व के प्रति जागरूक करने हेतु आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा महिलाओं को बताया गया कि दूषित पानी का सेवन अनेक गंभीर बीमारियों जैसे डायरिया, टाइफाइड और अन्य जलजनित रोगों का कारण बन सकता है इसलिए जीवन और स्वास्थ्य की रक्षा के लिए हमेशा उबालकर या फिल्टर किया हुआ शुद्ध पानी पीना चाहिए।

### ओज़ोन दिवस पर कन्या परिसर में हुआ कार्यक्रम



**भोण्ड।** बस्तर शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसमें ओजोन परत नुकसान से होने वाले दुष्प्रभाव को छात्रों द्वारा नाटकीय मंचन के माध्यम से सराहनिय रूप से प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में इको क्लब प्रभारी अमृता चंदेल के साथ-साथ विज्ञान विषय के शिक्षक एवं समस्त स्टाफ सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। प्रचार्य ए आर नोन्हारे एवं समस्त स्टाफ द्वारा छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए इस मंचीय कार्यक्रम का सराहना करते हुए बहुत-बहुत बधाई और प्रेषित किया गया। कार्यक्रम में शकनुप्रिया दुल्हानी व्याख्याता द्वारा ओजन परत के नुकसान से होने वाले दुष्प्रभाव का तथा उसके संरक्षण के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

### नीलावाया के अंधे कत्ल का हुआ खुलासा



**दंतेवाड़ा।** ग्राम नीलावाया पटेलपारा थाना अरनपुर निवासी बंडी कोर्राम पिता स्व. बुधराम कोर्राम उम्र 62 की हत्या किसी अज्ञात द्वारा कर दी गई थी। घटना के संबंध में थाना अरनपुर में मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मुखबिर सूचना एवं संदेह के आधार पर सुनिल नेताम निवासी ग्राम नीलावाया पटेलपारा थाना अरनपुर को पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि बंडी कोर्राम की हत्या का प्रमुख कारण भूमि विवाद एवं पुराने मतभेद थे। 16 सितंबर को शाम लगभग 7 बजे उसने बंडी कोर्राम को अन्य आरोपियों के साथ घेरकर धारदार हथियार से गले में वार कर हत्या कर दी। घटना के समय पहने कपड़े को छुपाने तथा हत्या में प्रयुक्त हथियार को जंगल में छिपाने की जानकारी भी दी। आरोपी की निशानदेही पर अन्य आरोपी महेश कोर्राम निवासी ग्राम नीलावाया पटेलपारा को भी गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त हथियार एवं कपड़े जब्त किये गये हैं।

# बहारगुड़ा पारा, परापुर व मांदर बाढ़ प्रभावित परिवारों को दिया राहत सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



लोहण्डीगुड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत चित्रकोट बहारगुड़ा पारा, पारापुर और मांदर में हाल ही में आई बाढ़ से प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने आज शासन के निदेर्शानुसार आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर चित्रकोट क्षेत्र के विधायक विनायक गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहे और स्वयं वितरण कार्य में सम्मिलित होकर जनसामान्य की समस्याएं सुनीं।बाढ़ के कारण कई ग्रामीण परिवारों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। घरों में पानी भर जाने, कृषि भूमि में क्षति, व दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कमी ने आमजन के जीवन को प्रभावित किया। शासन द्वारा तत्काल राहत के रूप में खाद्यान्न सामग्री, कपड़े, कंबल, दवाइयाँ और अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराई गईं। विधायक गोयल ने प्रभावित परिवारों से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीण और आपदा प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित राहत एवं पुनर्वास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।विधायक गोयल ने यह भी बताया कि प्रशासन द्वारा क्षेत्र का सर्वे कार्य निरंतर जारी है, और जो भी परिवार राहत से वंचित रह गए हैं, उन्हें भी शीघ्र सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी वास्तविक जरूरतमंद परिवार सहायता से वंचित न रहे।ग्रामीणों ने विधायक गोयल व शासन का आभार प्रकट किया और अपेक्षा जताई कि इसी तरह संवेदनशीलता से आगे भी सहायता मिलती रहेगी।

बाढ़ की आपदा के बीच इस त्वरित राहत वितरण कार्यक्रम ने न केवल पीड़ितों को तत्काल सहायता दी, बल्कि शासन की संवेदनशीलता और तत्परता का भी परिचय दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय, पूर्व विधायक लच्छुराम कश्यप, जनपद अध्यक्ष पदमा कश्यप, उपाध्यक्ष बसंत कश्यप, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रभान कश्यप, मण्डल अध्यक्ष मंगतुराम कश्यप, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष लच्छिन यादव, मण्डल प्रभारी नरसिंह राव, जिला मंत्री बाबुल नाग, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रैतुराम बघेल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नरसिंह ठाकुर, सावेन्द्र सेठिया, शिवनंदन पेगड़, विनय मौर्य एवं पंचायत पदाधिकारी, तहसील प्रशासन, सामाजिक कार्यकर्ताओं स्थानीय जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गोलापल्ली जाने वाले मार्ग मेहता गांव में नवीन कैंप स्थापित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

जिला सुकमा के कोंटा विखं अंतर्गत नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम मेहता में जिला पुलिस प्रशासन द्वारा नवीन सुरक्षा कैंप किया स्थापित

- सुरक्षा बलों ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद हासिल की सफलता

गया। छत्तीसगढ़ शासन के नियद नेल्ला नार योजना से क्षेत्र की ग्रामीणों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से स्थापित किए गए इस कैंप के चलते अब क्षेत्र में भयमुक्त वातावरण निर्मित होगा।

मानसून सत्र के अंतिम समय एवं कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद सुरक्षा बलों ने सभी चुनौतियों का डटकर सामना करते हुए यह कैंप स्थापित किया है। इस कैंप के स्थापित होने से कोंटा-गोलापल्ली-किस्टाराम को सीधा कनेक्ट करने के दिशा में एक और कारगर कदम माना जा रहा है।

सुरक्षा कैंप की स्थापना से क्षेत्र में सुरक्षा वातावरण सुदृढ़ होगा तथा ग्रामीणों को विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से सीधे लाभान्वित होने का अवसर प्राप्त होगा। यह कदम माओवादियों के विरुद्ध एक बड़ी रणनीतिक सफलता है तथा ग्रामीणों के जीवन में शांति, सुरक्षा और विकास की नई दिशा प्रदान करेगा। वर्ष 2024 से अबतक जिला सुकमा में सुरक्षा बलों द्वारा कुल 16 नवीन कैम्पों की स्थापना किया गया है। नवीन सुरक्षा कैम्पों की स्थापना होने से नक्सल उन्मूलन में तेजी आई है। जिसके फलस्वरूप वर्ष 2024 से अबतक नक्सल विचारधारा को त्यागकर 518 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किये एवं सुरक्षा बलों ने विभिन्न अभियानों में 64 माओवादी को मार गिराने व 451 माओवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित हुई है।

आला अधिकारियों की मार्गदर्शन व प्रयास से अबतक के सफलताओं में इसे भी एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। यहां अब 18 सितंबर को सीआरपीएफ 219 वीं बटालियन का नवीन कैंप स्थापित कर दिया गया है।

### इन्द्रावती टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र अंतर्गत ग्रामों का होगा स्वैच्छिक विस्थापन

**बीजापुर।** इन्द्रावती टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा सूचित किया जाता है कि टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में स्थित ग्रामों के स्वैच्छिक विस्थापन के संबंध में पूर्व में 21 ग्रामों का चयन किया गया था। इन ग्रामों के विस्थापन की प्रक्रिया केवल ग्रामवासियों की पूर्ण स्वेच्छा और ग्रामसभा के प्रस्ताव के आधार पर ही की जाएगी। वर्तमान में इन ग्रामों के विस्थापन हेतु शासन स्तर पर कोई योजना प्रस्तावित नहीं है। इन्द्रावती टाइगर रिजर्व प्रबंधन यह पुनः स्पष्ट करता है कि जब तक संबंधित ग्रामवासी स्वयं स्वेच्छा से विस्थापन हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं करते, तब तक शासन अथवा वन विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की जबरन विस्थापन की कार्रवाई नहीं की जाएगी। ग्रामवासियों के अधिकारों का सम्मान करते हुए, सभी प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता और उनकी सहमति से ही संचालित की जाएगी। उक्त जानकारी उप निदेशक इन्द्रावती टाइगर रिजर्व, बीजापुर द्वारा दी गई है।

# सेवा पखवाड़ा में स्वच्छता पर किया जागरूक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

विकासखण्ड दरभा की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदबहार के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी के नेतृत्व और प्राचार्य दीपक कुमार घोष जी के मार्गदर्शन में आज सेवा पखवाड़ा के तीसरे दिन में प्लास्टिक मुक्त अभियान और मलेरिया जागरूकता अभियान हेतु साप्ताहिक बाजार डुरकीगुड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना छिंदबहार द्वारा लोगों को प्लास्टिक के नुकसान और गंदगी से मलेरिया के बारे में नुक्कड़ नाटक से जागरूक किया गया। साथ ही संस्था में व्याख्याता बुधराम कश्यप के नेतृत्व तथा सभी शिक्षकों के सहयोग से स्वच्छता पखवाड़ा का भी आयोजन किया जा रहा है और शाला के आसपास, अपने घर, सार्वजनिक स्थानों में स्वच्छता बनाए रखने, बच्चों तथा लोगों को लगातार जागरूक करने की कोशिश किया जा रहा है। प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर रासेयो सहायक मनोहर सिंह बरनाला, इको क्लब प्रभारी बुधराम कश्यप, स्वयं सेवक महादल नायिका खुशबू कश्यप, उप महादल नायक रोहित कश्यप, काजल, अनित, रविन्द्र, नेहा, अंकिता, राधिका, यशोदा, गुड़िया, सरिता, सूरज, इशांत, राखी राम, रमिला, अनुराधा, आदि उपस्थित रहे। लोगों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रयास की सराहना किए और स्वच्छता अपनाने हेतु शपथ लिए।

### 290 बच्चों का हुआ नेत्र परीक्षण, 6 बच्चों में दृष्टि दोष



**बस्तर।** बस्तर जिले के बस्तर ब्लॉक के कोलचूर सेक्टर में रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर शासकीय कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय टकरागुडा,परचनपाल एवं मिडिल स्कुल टाकरागुड़ा, परचनपाल में बाल नेत्र सुरक्षा अभियान के तहत नेत्र परीक्षण 290 स्कूली बच्चों का किया गया। नेत्र सहायक अधिकारी तिलक नाग एवं योगिता नाग के द्वारा सभी स्कूली बच्चों का नेत्र परीक्षण किया गया। नेत्र सुरक्षा जांच व नेत्रदान के महत्व पर जानकारी दी गई।नेत्र परीक्षण में 6 बच्चों को दृष्टि दोष पाए जाने पर चश्मा नंबर दिया गया।नेत्रदान को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि एक नेत्रदान से दो दृष्टिहीन व्यक्तियों को रोशनी मिल सकती है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के आधिकारिक कर्मचारी एवं शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# तालाबों, श्मशान घाट व प्राचीन मेला स्थल से अतिक्रमण हटाने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

नगर पंचायत बस्तर क्षेत्र में लगातार हो रहे अतिक्रमण को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष देवकी भद्रे सहित पार्षदों सहित ग्रामीणों ने तहसीलदार को अतिक्रमण मुक्त करवाने की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि 10 दिन के भीतर कार्यवाही नहीं हुई तो आंदोलन किया जायेगा।

- 10 दिन के भीतर कार्यवाही नहीं हुई तो आंदोलन करने की दी चेतावनी

नगर पंचायत बस्तर के 22 पारा के ग्रामीणों ने सैकड़ो की संख्या में ग्राम देवी गंगादेई माता मंदिर में शुक्रवार को नगरवासी पार्षद, कोटवार, पुजारी सहित नागरिकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से नगर पंचायत बस्तर में लगातार अतिक्रमण कर सरकारी भूमि की खरीदी बिक्री कर मकान निर्माण किया जा रहा है। बस्तर के 22 पारा में हल्बी में पुरानी कहावत है सात आगर सात कोड़ी तालाब, इसका अर्थ 147 तालाब बस्तर में था जो आज कागजों पर ही सीमित है। लगातार तालाबों की मेड और तालाब में मकान निर्माण किया जा रहा है। अतिक्रमणकारियों के द्वारा तालाब की भूमि में फसल लगाकर अवैध कब्जा किया गया है। नगर पंचायत क्षेत्र के श्मशान घाट, प्राचीन मेला स्थल को भी अतिक्रमणकारियों ने नहीं छोड़ा कब्जा करके रखे हैं। ग्रामीणों ने जानकारी में बताया कि अगर इसी तरह तालाब के मेड़ो पर अवैध कब्जा किया जा रहा है कुछ तालाबों को मिट्टी पाठ कर खेती किया जा रहा हैं। इसी तरह तालाबों को कब्जा किया गया तो आने वाले समय में तालाबों का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। ग्राम वासियों ने तहसीलदार जॉली जेम्स को ज्ञापन देते हुए अनुरोध किया कि जितना तालाबों में कब्जा किए हैं।कब्जा मुक्त कर मेड़ो में पौधारोपण किया जाए एवं सरकारी भूमि को खरीदी बिक्री कर मकान निर्माण करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई किया जाए। ज्ञापन सौपने के दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ ग्रामीण लखेश्वर कश्यप, पार्षद नरसिँह नागेश, पार्षद सीताराम बघेल,पार्षद जितेंद्र पटेल, सहदेव बघेल, रामसिंग, गणपत, मुन्ना, पूरन, महेंद्र, पारो, फागुराम, समु, गुड्डू, हेमबती, कुंजी, मोहन राम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौपा गया और जल्द ही अतिक्रमण मुक्त करवाने की मांग की गई।

### नशामुक्ति अभियान के तहत मैराथन दौड़ आज

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रजत जयंती वर्ष 2025-26 के तहत बीजापुर जिले में समाज कल्याण विभाग की ओर से सेवा पखवाड़ा दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत 21 सितम्बर को प्रातः 7 बजे से नशामुक्ति अभियान मैराथन ओपन कैटेगरी-महिला एवं पुरुष पृथक-पृथक का आयोजन आत्मनिर्भर भारत, फिट इंडिया व नशामुक्त भारत के टैग लाईन के तले किया जाना है। जिसमें बीजापुर जिले में निवासरत किसी भी आयु वर्ग के प्रतिभागी उक्त मैराथन में भाग ले सकते हैं। मैराथन में महिला एवं पुरुष दोनो वर्गों के लिये पृथक-पृथक नगद पुरूस्कार राशि प्रदाय किया जाएगा। मैराथन में भाग लेने हेतु मैराथन प्रारंभ स्थल कलेक्टोरेट परिसर बीजापुर में 21 सितम्बर को प्रातः 6:30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य है।

# पदोन्नति से वंचित शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



राज्य के दंतेवाड़ा, सुकमा, जगदलपुर, कोंडागांव, बलरामपुर, मोहला-मानपुर-चौकी सहित विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में शिक्षक व्याख्याता पदोन्नति प्रक्रिया में हुई त्रुटियों को शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव से भेंट किए। शिक्षकों ने बताया कि 22 जुलाई को जारी पदोन्नति आदेश में विभागीय त्रुटि के कारण अनेक पात्र शिक्षक पदोन्नति सूची से बाहर रह गए हैं।

यद्यपि दंतेवाड़ा एवं सुकमा जिले के इन शिक्षकों के प्रस्ताव पहले ही लोक शिक्षण संचालनालय को भेजे जा चुके हैं, यहां तक कि गोपनीय चरित्रावली एवं चल-अचल संपत्ति विवरण भी जमा हो चुके हैं। इसके बावजूद रिव्यू डीपीसी अब तक आयोजित नहीं हो पाई है। वर्तमान परिस्थिति में व्याख्याता पद के लिए काउंसलिंग की तिथि घोषित हो चुकी है, लेकिन इन शिक्षकों को इसमें सम्मिलित होने का अवसर नहीं मिल पा रहा है। परिणामस्वरूप वरिष्ठता क्रम में होने के बावजूद वे अपने कनिष्ठों से पिछड़ने की स्थिति में पहुँच जाएंगे और संस्था चयन का अवसर भी उनसे छिन जाएगा। शिक्षकों की इस गंभीर समस्या को शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने विस्तार से सुना और उन्हें उचित एवं त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय को इस प्रकरण में नियमों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया है। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों ने कहा कि वे विभाग से न्याय की आस में टकटकी लगाए हुए हैं। शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र ने मांग की है कि काउंसलिंग से पूर्व रिव्यू डीपीसी कर पदोन्नति आदेश जारी किया जाए, तत्पश्चात वरिष्ठता क्रम के अनुसार काउंसलिंग में शामिल कर उनके साथ न्याय सुनिश्चित किया जाए।

# प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने से ग्रामीण हो रहे वंचित : ताटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम



प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रति सरकार गंभीर नहीं है। यही वजह है कि ग्रामीणजन अब भी जर्जर मकान में रहने पर मजबूर हैं। यह बात बीजापुर जिला पंचायत के पूर्व सदस्य बसंत राव ताटी ने कही।

ताटी ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भोपालपटनम विकासखंड में शासन की अति महत्वपूर्ण प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। अपनी बात की पुष्टि के लिये उन्होंने ग्राम पंचायत अटुकपल्ली के आश्रित ग्राम नरोन्हापल्ली निवासी कंती नरसैया का उदाहरण दिया। ताटी के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिलने के कारण कंती नरसैया का परिवार जर्जर मकान में रहने पर मजबूर है। इनके मकान की हालत ऐसी है कि ढहने से कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। लेकिन प्रशासन को इसकी परवाह बिल्कुल नहीं है।पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि जहाँ एक ओर वर्तमान डबल इंजन की सरकार सुशासन का ढोल पीट रही है, वहीं दूसरी ओर गरीब आदिवासी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने से भी वंचित हैं। उन्होंने कहा कि यह पीड़ा अकेले सिर्फ नरोन्हापल्ली निवासी कंती नरसैया की ही नहीं है, बल्कि पूरे भोपालपटनम क्षेत्र की है और यह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चल रही लापरवाही का जीता जागता प्रमाण भी है।

ताटी ने कहा कि तत्कालीन बस्तर जिले के कलेक्टर रहे नरोन्हा द्वारा बसाये गये ग्राम नरोन्हापल्ली की इस तस्वीर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रति साय सरकार की घोर उदासीनता की पोल खोलकर रख दी है। बसंत ताटी ने इस प्रकरण में पीड़ति परिवार को तत्काल राहत पहुँचाने कि मांग जिला प्रशासन से की है।

# सरपंचों की शिकायतों को लेकर विधायक ने उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



पंचायत सचिवों की मनमानी और जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के खिलाफ बकावंड जनपद पंचायत में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस जनप्रतिनिधियों ने धरना प्रदर्शन किया। धरना करीब 2 घंटे से अधिक समय तक चला, जिसमें क्षेत्र के सरपंच, उप सरपंच, पूर्व सरपंच, पंच, कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विगत दिनों विधायक लखेश्वर बघेल ने अपने निवास पर बकावंड क्षेत्र के सरपंचों के साथ बैठक की थी, जहां सरपंचों ने शिकायत की थी कि पंचायत सचिवों की कार्य के प्रति सुचारू रूप नहीं लेना और अन्य कार्यों में जनता की अन्य काम पर उनकी निराकरण नहीं करना सचिव को गांव में विकसित कार्यो पर ध्यान आकर्षण, नहीं करना ही वास्तविक कार्य पर अवहेलना पर सवाल उठता हैं जिससे पंचायत के कार्य प्रभावित हो रहे हैं फरसीगांव, उड़ियापाल, संवरा, छोटे जिराखाल, मूली, बनियागांव सहित सतलावंड जैसे अन्य ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों ने यह मुद्दा उठाया था। धरने के दौरान विधायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों का सम्मान करना चाहिए और जनभावनाओं के अनुरूप कार्य करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा या अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा मेरी मंशा है कि छोटे से बड़े हर जनप्रतिनिधि का सम्मान हो। अधिकारी जनभावना को समझें और उसी अनुरूप कार्य करें।

### सर्व विश्वकर्मा वंशी युवक-युवती परिचय सम्मेलन 5 को

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ विश्वकर्मा मय (बढ़ई) मनु (लोहार) कल्याण संघ की ओर से पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडियोरियम रायपुर में 5 अक्टूबर की सुबह 8 बजे से सर्व विश्वकर्मा वंशी युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसके लिए संघ के प्रदेश महामंत्री अजय शर्मा ने जोर-शोर से प्रचार किया जा रहा है, उन्होंने विश्वकर्मा जयंती पर शहर के गंगामुंडा तालाब किनारे स्थित मंदिर में पहुंचे श्रद्धालुओं की इसकी जानकारी दी और सम्मेलन में जाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में अब तक 250 से अधिक लोगों ने पंजीयन कराया है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



भारतीय किसान संघ ब्लॉक इकाई गीदम द्वारा तहसीलदार के माध्यम से किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान किसान संघ अध्यक्ष मधुसूदन ठाकुर सहित क्षेत्र के कई किसान उपस्थित रहे। किसानों का कहना है कि खाद, बिजली, पानी की समस्या को लेकर किसान बहुत व्यथित है। प्रदेश में ये समस्याएं विकराल रुप धारण करते जा रही हैं। खाद के लिए प्रदेश में मारामारी हो रही है। किसान खाद महंगे दामों में लेने हेतु विवश हो गया है। बिजली कटौती से किसान त्रस्त है। नहरों का पानी अंतिम गांव तक पहुंच नहीं पाता है। ऐसे में किसान खेती कैसे कर पाएगा।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सेवा पखवाड़े में स्वच्छता अभियान व निकाली रैली

**कोयलीबेड़ा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोयलीबेड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सेवा पखवाड़ा अंतर्गत सभी शाला परिसर क्षेत्र में एवं पेयजल स्थान में साफ सफाई की गई एवं फलदार छायादार युक्त पौधे भी रोपे गए। इसके पश्चात सेवा पखवाड़ा स्वच्छता अभियान की रैली निकाली गई जो कि गांव में भ्रमण करते हुए शाला प्रांगण पहुंची सेवा पखवाड़ा में प्राचार्य आरआर हिडको, राष्ट्रीय सेवा योजना के बसंत पद्माकर, सुनील कुंजाम, कुंती नाग, राजेश्वरी भूआर्य सहित शाला के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### नवरात्रि में अस्थायी वैध कनेक्शन का प्रावधान

**कांकेर।** विद्युत विभाग के कार्यपालन यंत्री ने नवरात्रि उत्सव समितियों के संचालकों से अपील करते कहा है कि धार्मिक उत्सव व आयोजनों में लगने वाले पूजा पंडालों के लिए बिजली विभाग की अनुमति से ही अस्थाई वैध कनेक्शन प्राप्त करें, ताकि बिजली के अनाधिकृत उपयोग से होने वाली दुर्घटना जैसे पंडलों व उपकरणों में आग लगने जैसे अप्रिय घटनाओं से बचा जा सके। पंडालों की स्थापना उच्चदाब व निन्नदाब लाईनों के नीचे कदापि ना करें। पंडालों के लिए अधिकाधिक लेड लाईट का प्रयोग करें, जिससे विद्युत की खपत कम हो सकें।

### बुजुर्ग ने खुदकुशी की कारण अज्ञात

**कांकेर।** दुधावा चौकी अंतर्गत गुडरापारा चोरिया निवासी 65 वर्षीय धनीराम कोर्राम ने अपने घर में फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। चोरिया निवासी 35 वर्षीय दिलीप कुमार कोर्राम ने पुलिस को बताया कि 18 से 19 सितंबर के बीच गमछा का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक ने आत्महत्या किस कारण से किया, यह अभी पता नही चल पाया हे। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### छात्रा शिल्पा ने आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में पूरे प्रदेश में एसटी महिला वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया

# मावा मोदोल की दो छात्राएं आबकारी आरक्षक एवं प्रयोगशाला परिचारक के तौर पर चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिला प्रशासन की विशेष पहल पर मावा मोदोल कोचिंग संस्थान संचालित किए जा रहे हैं। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरेश मण्डावी के मार्गदर्शन में जिले मे मावा मोदोल निःशुल्क कोंचिग जिले के भानुप्रतापपुर एवं कांकेर मुख्यालय में प्रारंभ की गई है, जहां जिले के जरूरतमंद विद्यार्थी को सरकारी नौकरी के लिए आयोजित प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी निःशुल्क कराई जाती है।

कलेक्टर और जिला सीईओ के सतत मार्गदर्शन और मॉनिटरिंग के चलते अब अपेक्षित परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। फलस्वरूप मावा मोदोल भानुप्रतापपुर में अध्ययनरत दो छात्राओं ने इतिहास रचा है। उनका चयन क्रमशः आबकारी आरक्षक और प्रयोगशाला परिचारक के तौर पर हुआ है। उक्त निःशुल्क कोचिंग संस्था का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के जरूरतमंद विद्यार्थी जो आर्थिक रूप से पिछडे हुए छात्र हुए हैं, वे आसानी से ऐसे कोचिंग का लाभ दिलाकर





अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। इसी क्रम में मावा-मोदोल कोचिंग भानुप्रतापपुर में अध्ययनरत छात्रा शिल्पा नुरेटी निवास भानुप्रतापपुर का चयन अबकारी आरक्षक में हुआ साथ ही इस छात्रा ने कैटेगरी रैंक में राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार से इसी कोचिंग संस्थान में अध्ययनरत पद्मिनी नेताम निवासी भिरागांव भानुप्रतापपुर का चयन प्रयोगशाला परिचारक में हुआ है। कलेक्टर एवं सीईओ ने इन दोनों चयनित छात्राओं एवं उनके पालकों व पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनायें दी है। जिला पंचायत के सीईओ ने बताया कि मावा मोदोल नित अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर रहा है पूर्व में भी नगर सेना चयन परिक्षा में 34 छात्रों ने उत्तीर्ण कर रोजगार प्राप्त किया है, जिससे इन छात्रों की आर्थिक रूप से सुधार के साथ साथ अपने परिवार के भरण पोषण में सहयोग भी प्राप्त होगा।

राज्य शासन एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा आयोजित होने वाले प्रत्येक परीक्षा के लिए विभिन्न बैचों में कोचिंग प्रदाय किया जा रहा है। आगामी चरणों में असिस्टेंट प्रोफेसर, सीजी सेट की तैयारी के लिए नवीन बैच का पंजीयन भी प्रारंभ किया गया है तथा भानुप्राताापपुर में नई बैच का प्रारंभ भी किया जा रहा है, जिसके लिए इच्छुक व जरूरतमंद छात्रों के लिए पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ किया गया है, जिसकी चयन परीक्षा 28 सितम्बर रविवार को भानुप्रतापपुर के उत्कृष्ट विद्यालय एवं मावा मोदोल केन्द्र में आयोजित किया जाएगा। इन कोचिंग संस्थान में सीजीपीएससी के बैच के साथ व्यापम द्वारा आयोजित होने वाली अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है।

#### निःशुल्क कोचिंग से संतुष्ट, चयन की थी उम्मीद

आबकारी आरक्षक के लिए चयनित छात्र शिल्पा नुरूटी ने बताया कि उनके पति का निधन 2022 में हो गया था। वह स्वयं को समाज में स्थापित करने के बीच मावा मोदोल योजना ने नया रास्ता दिखाया, फिर से पढ़ने की प्रेरणा मिली। मावा मोदोल में वह प्रारंभ से अध्ययन की है यहां निःशुल्क कक्षा के साथ आधुनिक पाठ्य सामग्री भी आसानी से उपलब्धता से बहुत ही फायदा हुआ। उन्होंने बताया कि सीजीपीएससी की मैंस भी अच्छा गया है और उम्मीद है कि मैं इसमें भी सफल रहुंगी। मावा मोदोल मेरे जैसी परिस्थिति से लड़ने वाले विद्यार्थियों के लिए एक आधार स्तंभ है। जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। इसी तरह लैब असिस्टेंट के रूप में चयनित छात्रा पद्मिनी ने बताया कि कोचिंग के अध्यापन से वह संतुष्ट है और चयन की उम्मीद थी। उन्होंने भी जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया है।

## पिछड़ा वर्ग समाज भवन निर्माण के लिए विधायक ने 10 लाख देने की घोषणा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनसागर

बनसागर के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणजनों ने विधायक कार्यालय अंगना में विधायक आशाराम नेताम से मुलाकात कर पिछड़ा वर्ग समाज भवन के लिए आवेदन दिया। विधायक ने 10 लाख रुपए देने का आश्वासन दिया।

बनसागर के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रमेश साहू के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने विधायक आशाराम नेताम को बताया कि पिछड़ा वर्ग समाज के लिए भवन की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। गांव में सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए उपयुक्त भवन की व्यवस्था न होने से लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। प्रतिनिधि मंडल ने विधायक से आग्रह किया कि इस भवन की राशि बढ़ाकर पर्याप्त वित्तीय सहयोग दिया जाए ताकि भवन का निर्माण गुणवत्तापूर्ण और दीर्घकालिक हो सके। विधायक आशाराम नेताम ने ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से सुना और विश्वास दिलाया कि 10 लाख रुपए की राशि समाज भवन निर्माण के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। इस आश्वासन से उपस्थित ग्रामीणों और समाज के प्रतिनिधियों में हर्ष का माहौल रहा। उन्होंने विधायक का आभार व्यक्त किया और विश्वास जताया कि समाज भवन निर्माण से न केवल सामाजिक एकता को बल मिलेगा बल्कि शिक्षा, संस्कृति और सामुदायिक गतिविधियों को भी नया मंच मिलेगा। ग्रामीणों ने कहा कि विधायक के इस सहयोग से पिछड़ा वर्ग समाज की वर्षों पुरानी मांग पूरी होगी और आने वाली पीढ़ियों को भी इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पर रामकृष्ण पटेल, वेद साहू, राम जीवन पटेल, शिवा पटेल, लक्ष्मण सिंहा, मनसुखा निषाद, देवीलाल सुरोजिया, अश्वनी साहू, उमेश साहू, अगीनत साहू, तुलसायं निषाद सहित अन्य ग्रामीणजन और समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

## स्टाफ पशु चिकित्सालय से नदारद पशुपालक 6 माह से हो रहे परेशान



**दुर्गुकोंदल।** महेंद्रपुर में स्थित उप पशु चिकित्सालय विगत छः माह से बंद होने से पिछले छह माह से बंद होने के कारण ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। पशुपालक लगातार परेशान हो रहे और मवेशियों के ईलाज के लिए भटकने को मजबूर हो रहे है। विकासखंड दुर्गूकोंदल के महेंद्रपुर के ग्रामीणों का कहना है कि उप पशु चिकित्सालय सिर्फ नाम का बना हुआ है और इसका उपयोग केवल शोपीस की तरह हो रहा है। कर्मचारी नियमित रूप से उपस्थित नहीं होते और उप पशु चिकित्सालय में ताला लगा रहता है, जिससे पशुपालकों को अपने मवेशियों के इलाज के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के चलते बीमार पशुओं को इलाज के लिए दूरदराज के क्षेत्रों में ले जाना पड़ता है, जिससे समय और आर्थिक नुकसान हो रहा है। कई बार पशुओं की बीमारियां बढ़ने से उनकी मौत तक हो जाती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर पशु चिकित्सालय को चालू कराने और नियमित कर्मचारियों की तैनाती की मांग की है। यह स्थिति महज महेंद्रपुर तक सीमित नहीं है अन्य क्षेत्रों में भी ऐसी समस्याएं देखी जा रही हैं, जहां पशु चिकित्सालय तो बनाए गए हैं, लेकिन डॉक्टरों और स्टाफ की कमी के चलते वे बेकार पड़े हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यहाँ पर कोई स्टाप पदस्थ है या नहीं इसकी भी जानकारी हम लोगों के पास नहीं है। अवकाश होने के कारण अधिकारियों से जानकारी नहीं मिल पाई है, परंतु ग्रामीण मीडिया के माध्यम से विभाग को आगाह कर रहे है कि बंद भवन में स्टाप भेजा जाएं या भवन को दूसरे कार्य के लिए सौंप दिया जाए।

## नवरात्रि पर मानसगान स्पर्धा के लिए किया पदाधिकारियों का किया चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धनेलीकन्हार

धनेलीकन्हार में नवरात्र उत्सव व 27 सितंबर से आयोजित त्रिदिवसीय सस्वर मानसगान प्रतियोगिता के लिए बैठक आयोजित किया गया। बैठक में नवरात्र उत्सव व त्रिदिवसीय सस्वर मानस गान प्रतियोगिता के सुचारू रूप से संचालन के लिए सर्व सहमति से पदाधिकारीयों का गठन किया। मानस गान प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 3333 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 2222 रुपए, तृतीय पुरस्कार 1111 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 777 रुपए एवं पंचम पुरस्कार 555 रुपए प्रदान किए जाएगें। इसी तरह महिला वर्ग में पुरस्कार प्रदान किए जाएगें।

गठन में अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह पोटाई, उपाध्यक्ष लोकेश्वर सेन एवं बिनको पोटाई, संरक्षक बीएमओ डां. शशांक गुप्ता, रुपेंद्र बैस, पटवारी अजय शोरी, जेई मुकेश सिन्हा, तुलेश सेन, बिरेंद्र मारगिया, कोषाध्यक्ष दिनेश्वर चुरगिया, सचिव विजय कुमार मंडावी, कार्यकारिणी अध्यक्ष सरपंच मधु विजय मंडावी, कार्यकारिणी उपाध्यक्ष ग्राम पटेल समधर नरेटी, उपसरपंच वेद कुमार औरसा व सुमित्रा पोटाई, सह सचिव रोम साहू व नारद पोटाई बनाए गए। इसी तरह सलाहकार समिति में चतुर राम साहू, दयालु राम लाटिया, सोनऊ राम मंडावी, ताम्रध्वज फरदिया, कृष्णा निषाद, भीखम सलाम, सोहागा कस्तुरे बनाए गए है। वरिष्ठ सलाहकार में मंशाराम साहू, तोकराज बारला, हिरामन चुरगिया, प्रेम कोमरा, श्रीराम नेताम, कमलेश सेन, रमेश साहू, अवध राम साहू, कृष्णा साहू, खेमलाल साहू, तोमेश कावड़े, महेंद्र टांडिया, विष्णु राम यादव बनाए गए है। उदधोषक राम विलास दादरा व व्यास साहू, निर्णायक मंडल में जगदीश भोयर, शिवराम साहू व यादों राम कोठारी बनाए गए। इस नवरात्र उत्सव में नवमी के अवसर पर 1 अक्टूबर को ग्राम के पटवारी अजय शोरी के द्वारा राजनांदगांव की जय मां शीतला पंकज सेवा जस झांकी परिवार अमलीडींह की प्रस्तुति होगी।

## आदिम जाति सेवा सहकारी समिति अभनपुर में आमसभा आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरोना

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति अभनपुर की वार्षिक आमसभा बड़े उत्साह और गरिमामयी माहौल में सम्पन्न हुई। समिति कार्यालय परिसर में आयोजित इस बैठक में आसपास के गांवों से आए किसानों और सदस्यों की भारी भीड़ उमड़ी। बैठक का मुख्य आकर्षण समिति के वार्षिक आय-व्यय का विवरण और आगामी वर्ष की योजनाओं पर हुई विस्तृत चर्चा रही। कार्यक्रम की शुरुआत में समिति प्रबंधक जेआर मंडावी ने 2024-25 के आय-व्यय का पूरा ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि समिति ने किस तरह किसानों तक खाद, बीज और ऋण की सुविधाएं पहुंचाई और किस प्रकार खर्चों तथा आय का संतुलन बनाए रखा। इसके साथ ही उन्होंने 2025-26 के लिए नई योजनाओं का खाका पेश किया। उन्होंने कहा आगामी वर्ष में समिति का मुख्य लक्ष्य किसानों को समय पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना और आधुनिक कृषि तकनीक से उन्हें जोड़ना रहेगा। सभा में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य भाऊ राम भास्कर ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा सहकारी समितियां गांव और किसानों के लिए रीढ़ की हड्डी हैं। किसानों की तरक्की से ही समाज की मजबूती तय होती है। हमें समिति को और पारदर्शी एवं मजबूत बनाना होगा। आमसभा की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष मनु राम भास्कर ने किसानों को समिति की गतिविधियों से जुड़े रहने और एकजुट होकर कार्य करने की अपील की। सभा में रामदेव मरकाम, राविशंकर कोराम, अमित नायक, श्रवण समेत अन्य पदाधिकारी और सदस्य भी मौजूद रहे। किसानों ने इस मौके पर अपनी समस्याएं और सुझाव भी रखे। खाद-बीज की समय पर उपलब्धता, सिंचाई की व्यवस्था, ऋण वितरण की प्रक्रिया और मंडी में उपज का उचित मूल्य जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। किसानों ने समिति की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि समय पर बीज और खाद मिलने से खेती-किसानी में काफी सहयोग मिला है। एक किसान ने कहा समिति के कारण हमें बाजार में महंगे दाम पर खाद-बीज खरीदने से राहत मिली है, जिससे खेती की लागत कम हुई है। आमसभा में यह निर्णय लिया गया कि आने वाले वर्ष में किसानों के लिए जागरूकता शिविर और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और साथ ही फसल विविधिकरण और आधुनिक तकनीक के प्रयोग को बढ़ावा देने पर भी विशेष जोर दिया जाएगा। सभा के अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया और किसानों ने एक स्वर में समिति को मजबूत बनाने और साथ मिलकर काम करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर फुलचंद कुंजाम, उपसु कुंजाम, राकेश वट्टी, धनसाय कुंजाम, महाजन टेकाम, राजाराम नेताम, जल सिंह कोराम, धर्म सिंह मंडावी, जीएस नेताम, सुखदेव नेताम और सुबेसिंह कुंजाम नरसिंह भास्कर मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने समिति की कार्यप्रणाली की सराहना की और किसानों के हित में आगे और काम करने की बात कही।

## स्वच्छता अभियान चलाया और मां के नाम पर किया पौधारोपण

**दुर्गुकोंदल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शनिवार को भाजपा मंडल दुर्गुकोंदल द्वारा शक्ति केंद्र हानपतरी में स्वच्छता अभियान और एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सेवा, स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने गांव और सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई कर स्वच्छ भारत अभियान को गति दी। एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस पहल का उद्देश्य मातृत्व के सम्मान के साथ प्रकृति को संरक्षित करना है। भाजपा नेताओं ने कहा कि सेवा पखवाड़ा का मूल उद्देश्य समाज में स्वच्छता, स्वास्थ्य और सेवा भाव का वातावरण बनाना है।



उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि हर परिवार अपने आसपास की साफ-सफाई रखे और पर्यावरण संरक्षण के लिए कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाए। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल स्वच्छता की आदत विकसित करते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण को सुरक्षित रखने का मार्ग भी प्रशस्त करते हैं। मंडल महामंत्री रामचंद्र कल्लो ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा के शेष दिनों में भी इसी प्रकार सेवा और जागरूकता कार्यक्रम किए जाएंगे।

कार्यक्रम में सरपंच शिवलाल धुरवा, विजय पटेल, राधे पटेल, अशोक ध्रुव, अनिल गावड़े, टिकम नुरुटी, रुपधर जैन, महेश जैन, मंगलू उयके, बिरसिंह नुरुटी, जयराम कोमरा, देवलू नुरुटी, सुनाऊ पोटाई, संगीता नेताम, सत्यवती पटेल, बसंती पटेल, रमोतिन नुरुटी, दुर्मोतिन नुरुटी, कौशिल्या पुड़ो, सुलोचना पोटाई, रमसो बाई नरेटी, देवकी नुरुटी, शकुन नुरुटी, सामबाई धुरवा मौजूद रहे।

### शिविर में जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने किया रक्तदान

**दुर्गुकोंदल।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत दुर्गुकोंदल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनपद पंचायत सदस्य पीलम नरेटी सहित अनेक ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक करना और समाज में सेवा भावना को बढ़ावा देना रहा। रक्तदान शिविर में शामिल ग्रामीणों ने इसे प्रेरणादायी पहल बताया और भविष्य में भी नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने का संकल्प लिया। आयोजन को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का विशेष सहयोग रहा।

### आमागढ़ में 2 अक्टूबर को डीजे डांस प्रतियोगिता

**दुर्गुकोंदल।** विजयदशमी दशहरा के पावन अवसर पर इस वर्ष भी ग्राम आमागढ़ के बारह गांव बारसा देव खेल मैदान में राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 2 अक्टूबर को समस्त ग्रामवासियों एवं ग्राम युवा संगठन के सहयोग से किया जा रहा है।
















